प्रेस–नोट

कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर

मीटर टेस्टिंग रीड़र पांच हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, 01 दिसम्बर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा गुरूवार को डिस्कॉम जोधपुर, जिला जोधपुर में पदस्थापित मीटर टेस्टिंग रीड़र, श्री किशोर जोशी को पांच हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया।

श्री वी.के. सिंह, महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बताया कि परिवादी श्री करण सिंह, निवासी जोधपुर ने ब्यूरो में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी हैण्ड़ीक्राफ्ट की फैक्ट्री विष्णु इंटरनेशन इंटरप्राईजेज जोधपुर सेज क्षेत्र में हैं, जिसमें बिजली का अस्थायी कनेक्शन था। इस कनेक्शन को स्थायी करवाने की एवज में मीटर टेस्टिंग रीड़र, श्री किशोर जोशी पांच हजार रूपये की रिश्वत लेते की मांग की।

ब्यूरो चौकी जोधपुर द्वारा शिकायत के सत्यापन के उपरान्त ट्रेप का आयोजन कर डिस्कॉम जोधपुर, जिला जोधपुर में पदस्थापित मीटर टेस्टिंग रीड़र, श्री किशोर जोशी को पांच हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों उसके कार्यालय में गिरफ्तार किया गया।

उक्त प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

– – –